Govt. V. Y.T PG Autonomous college, Durg (C.G)

Department of English

5.1.3- The Capacity Development and Skill Enhancement Activities are organized for Improving Student's capabilities:



To, The Principal
Govt. V. Y. T., P. G., Autonomous College
Durg

Sub: Permission for the formation English Literary Association.

R/sir,

This is to inform you that Department of English is going to organise the formation of Literary Association of which the programme is on 21st September 2023 It is followed by ~~two~~ one lectures of Dr Kaustaubh Asst Professor, English, Indira Sangeet Vishwa Vidha Khairagarh, C.G. Hence I request you to give permission to conduct the programme also grant permission for Vivekanand Hall from 10.30 am to 1.00 pm.

Thanking you,

Yours Sincerely

Date: 20.09.2023.

Dr (Smt.) Qamar Talat
Professor & Head
Department of English
Govt. V.Y.T. PG. Autonomous College
Durg (C.G.) Pin-491001

Permitted

:

DEPARTMENT OF ENGLISH
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College, Durg 491001(C.G.)
(Former Name — Govt. Arts & Science College, Durg)
NAAC Grade-A+, CPE Phase-III, DBT-Star College
Ph.: 0788-2359688, Fax: 0788-2359688
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

Letter No 1634/2023 Date: 14.09.2023

To
Dr. Kaustubh Ranjan Mishra
Dept of English
Khairagarh Sangeet Vishwavidyalaya
Khairagarh.

Subject : Invitation Letter

Sir,

The Department of English, Govt.V.Y.T.PG.Autonomous College, Durg (C.G.) is inaugurating its' Literary Association on 21st September 2023.

We feel honoured to invite you to deliver the Inaugural Lecture on this occasion.

Dr. Qamar Talat
Head, Dept of English
Govt. V.Y.T.PG.Autonomous College
Durg .(C.G)

TheHitavada
Raipur City Line | 2023-09-26 | Page- 5
ehitavada.com

English Literary Association formed in Government VYT PG College

■ Staff Reporter
DURG, Sept 25

Professors and students present in the programme.

DEPARTMENT of English, Government VYT PG Autonomous College, Durg formed its English Literary Association recently. The occasion was graced by Dr Kaustubh Ranjan, Assistant Professor, Department of English, IKS University, Khairagarh. Dr. Kaustubh was also invited to deliver a lecture on The Tenets of Post-colonialism.

The event started with paying obeisance to the Goddess of knowledge, Maa Saraswati and with a welcome note. Addressing the esteemed guest, faculty members, nominated office bearers and the students of both MA Semester I and III and BA Literature students, Dr Qamar Talat, the head of the department gave a brief description of the objective of forming the Literary Association. She also mentioned about various activities and competitions organized under its auspices like quiz, storytelling, poetry recitation, skits, film and book reviews etc. These activities help the students to develop their linguistic skills, critical thinking and communication skills when provided a platform. The nominated candidates Chiman Bharadwaj, Rohini Sinha, Kirtilata and Venus Tirhutee together took pledge. Everyone in the gathering applauded and congratulated them.

Dr Kaustubh Ranjan presented his views on the topic in a very interesting way. He explicated in detail the meaning of Colonial and Postcolonial literatures, theories, texts written with special references to The Empire Writes Back Ashcroft, Griffith and Tiffin, Things Fall Apart by Chinua Achebe, Heart of Darkness by Joseph Conrad, Gayatri Spivak's Discourse, Feminist writing and many more. The discourse was thought provoking and it left an indelible mark on everyone. The faculty and students were interactive. The programme was conducted by Prakhar Sharma. Vote of thanks was extended by Diya Subba.

Powered by iDocuments

21.09.2023

S.No.	Name	Class	Signature
1	VENUS TIRHUTEE	I st sem.	[signature]
2	YOGITA	I st sem	[signature]
3	Shreya Shukla	I st Sem	[signature]
4	Raviprakash	1 st sem	[signature]
5	Morajdhwaj Thakur	I st Sem	[signature]
6	Mannu Koreti	1st sem(MA)	[signature]
7	khilesh kumar komre	1st sem(MA)	[signature]
8	Himanshu Patel	1st Sem-M.A	
9	Riya Patel	BA III rd Sem.	[signature]
10	Shruti Soni	BA III rd Sem.	[signature]
11	PRAKHAR SHARMA	1st Sem-(MA)	[signature]
12	KULDEEP TRIPATHI	1st Sem-(MA)	[signature]
13	BHAVESH KUMAR	1st Sem-(MA)	[signature]
14	Pranay Gaikwad	BA (III) [illegible]	[signature]
15	Payal Dewangan	BA III	[signature]
16	Pranjal Chandrakar	III sem. (M.A.)	[signature]
17	Diya Subba	III sem. (M.A)	[signature]
18	Nitesh Meshram	III sem. (M.A)	[signature]
19	Kirtilata	III sem (M.A.)	[signature]
20	Anjana	III sem (M.A)	[signature]
21	RAHUL TARAM	III sem (M.A)	[signature]

ACTIVITY-1

प्रतिवेदन

साइंस कॉलेज दुर्ग में जनपद संस्कृत सम्मेलन का आयोजन

साइंस कॉलेज दुर्ग में संस्कृत विभाग के द्वारा जिला स्तरीय संस्कृत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत प्रेमियों एवं भक्तों ने इस सम्मेलन में भाग लेते हुए बहुत सी विधा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम मुख्य तिथि के रूप में सेवा निवृत्त प्राध्यापक मुकुंद हमबर्डे का आगमन हुआ था। उन्होंने संस्कृत के वैज्ञानिक पक्षों को श्रोताओं के सम्मुख रखा। उन्होंने बताया कि संस्कृत विश्व की सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत में न केवल सामाजिक चेतना तथा नैतिक मूल्यों पर चर्चा की गई है अपितु दार्शनिक और वैज्ञानिक आविष्कार के प्रमाण भी संस्कृत के ग्रंथों में मिलते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित संस्कृत के प्राध्यापक प्रवीण कुमार झाड़ी ने संस्कृत को मूल्यों की भाषा बताया। उन्होंने बताया कि संस्कृत हमें अपनी संस्कृति से जोड़ती है। एक स्वस्थ वातावरण बिना संस्कृत के निर्मित होना संभव नहीं है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत साहू संस्कृत भारती के प्रदेश संगठन मंत्री उपस्थित थे। उन्होंने संस्कृत को बोल चाल की भाषा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संस्कृत भाषा को बहुत सरल भाषा बताया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर बहुत से संस्कृत गीत , नृत्य एवं नाटकों का प्रदर्शन किया। जिसकी सभी अतिथियों ने प्रशंसा की।

कार्यकम में साइंस कॉलेज दुर्ग के वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ सतीश कुमार सेन, श्री मोतीराम साहू, भारती आयुर्वेदिक कॉलेज से श्रीमती रेशम जोशी उपस्थित थे। विभिन्न विद्यालयों से बहुत से संस्कृत शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष जनेन्द्र कुमार दीवान ने किया। अंत में शांति पाठ पूर्वक कार्यक्रम का समापन किया गया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

संस्कृत में विज्ञान
अर्थात्
प्राचीन भारत में
विज्ञान
एवं
प्रौद्योगिकी
की समृद्ध परम्परा
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

संस्कृत में विज्ञान
अर्थात्
प्राचीन भारत में
विज्ञान
एवं
प्रौद्योगिकी
की समृद्ध परम्परा
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

GPS Map Camera
Malviya Nagar, Chhattisgarh, India
57WX+H4C, Deepak Nagar, Malviya Nagar, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196394°
Long 81.297909°
02/10/23 11:38 AM GMT +05:30
Google

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
Shot on Y11
Vivo AI camera
2023.10.02 11:37

ACTIVITY-2

प्रतिवेदन

संस्कृत विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत रसमडा में ज्ञान का आदान-प्रदान

शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर सनातन उत्तर महाविद्यालय दुर्ग के संस्कृत विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हिंदी विभाग द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रसमदा में विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए गए विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी अन्य संस्थाओं में जाकर ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिंदी एवं संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने विषय के बारे में विद्यालय के छात्र-छात्राओं से चर्चा की संस्कृत के विद्यार्थियों ने श्लोक पाठ एवं संस्कृति के मंत्र सुन कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

संस्कृत विभाग के विभाग अध्यक्ष जनेंद्र कुमार दीवान ने संस्कृत के महत्व एवं वर्तमान में रोजगार की संभावना विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराणा ने अपने वक्तव्य में साहित्य पढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ एम एल जंघेल उपस्थित थे। साइंस कॉलेज दुर्ग से हिंदी विभाग से डॉ बलजीत कौर , ओम कुमारी देवांगन ,शारदा सिंह ,डॉ लता गोस्वामी उपस्थित थे।

हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की प्रेरणा से बहुत से लोक नृत्य एवं गीतों का मनमोहन प्रदर्शन किया । साइंस कॉलेज दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति तथा नारी शिक्षा पर नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रजनीश उमरे एवं जयपाल सिंह गावरे ने किया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

विस्तार गतिविधि संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कार स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी एवं संस्कृत विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा विस्तार गतिविधि के तहत औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। विस्तार गतिविधि से तात्पर्य संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान के माध्यम से विस्तार करना है, जिसके तहत महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी गांव के विद्यालयों में पहुंचकर आयोजन के उद्देश्य को चरितार्थ करते हैं।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस, मोबाइल के दुष्प्रभाव तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अध्ययन के विविध क्षेत्रों की जानकारी दी। स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। देश-भक्ति सामाजिक-दायित्व तथा मतदाता-जागरूकता पर महाविद्यालय के मृदुल निर्मल, मो.सारिक, हरीश साहू एवं मो. आदिल ने भावपूर्ण काव्य पाठ किया। महाविद्यालय की छात्राओं सुमन एवं रंजना ने स्त्री-जनित स्वास्थ्य समस्याओं पर विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया। अपने शिक्षकों की प्रेरणा से रसमड़ा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोक नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य से विद्यालय प्रांगण में उपस्थित दर्शकों एवं विद्यार्थियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने हिन्दी के महत्व तथा हिन्दी विषयक रोजगार पर विस्तार से जानकारी दी। संस्कृत के विभागाध्यक्ष जनेन्द्र दीवान ने संस्कृत की प्राचीनता तथा प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत से शिक्षित व्यक्ति के लिए कभी भी रोजगार की समस्या नहीं होती, संस्कृत रोजगार का द्वार है। रसमड़ा विद्यालय के प्राचार्य एम.एल. चंदेल ने विस्तार गतिविधि के लिए रसमड़ा विद्यालय के चयन के लिए महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में रसमड़ा विद्यालय के व्याख्याता एन. जोशी, आर. दहरे, बी. बंजारे, एम.मांडवी, एस. हुमने, व्ही.वर्मा, व्ही.एल. नोरके, एन. जोशी तथा महाविद्यालय के डॉ. बलजीत कौर, डॉ. सरिता मिश्रा, डॉ. ओमकुमारी देवांगन, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. लता गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय एवं रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। जे.एस गावरे एवं डॉ. रजनीश उमरे ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। एन.व्ही.एस. नलिन ने आभार व्यक्त किया।

00 दुर्ग। मात्स्यिकी
अनुसार दूर-दराज
पॉलीटेक्निक कॉलेज
उनके निवास हेतु ध
लिए किराए पर लिय
शासकीय नियमानुसा

नवभार
www.navabharat.
आवश्यक
ग्लोबल इंडिया प्राइ
कंपनी में 100 परसेंट
तत्काल परमानेंट
लड़कियों की आवश्य
कार्यानुसार-730
+11000+13500
लोगों को रहना-खा
फ्री, मार्कशीट की
2+फोटो बायोडाटा
संपर्क- भिलाई
ओवरब्रिज के
मेडिकल के बाजू में
91097-99525.
जेट-गो कंपन
डिपार्टमेंट) हेतु
(पक्की परमानें

"बाल देवो भवः"
हिंदी विभाग
हिंदी विभाग
संस्कृत विभाग एवं

संस्कृत विभाग एवं
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
विस्तार गतिविधि

हिंदी विभाग

राष्ट्रीय सेवा

ACTIVITY-3

प्रतिवेदन

साइंस कॉलेज दुर्ग में लोक कला एवं नाट्य पर का व्याख्यान का आयोजन

संस्कृत विभाग एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइंस कॉलेज दुर्ग में लोक कला एवं नाट्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के रंगमंच कलाकार तथा छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकारों ने शिरकत की।

छत्तीसगढ़ी फिल्म के जाने-माने कलाकार श्री हेमलाल कौशल लोक गायिका एवं अभिनेत्री सुश्री मोना सेन तथा छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता मन कुरैशी साइंस कॉलेज दुर्ग में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी ने की।

कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा किया । श्री हेमलाल कौशल ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया की निरंतर मेहनत आपकी किस्मत बदल सकती है ।इसलिए बिना देरी किए निरंतर मेहनत करना आपका स्वभाव होना चाहिए। इसी क्रम में सुश्री मोना सेन ने अपने उपलब्धि पर बातें की। अपने संघर्ष को बताते हुए उन्होंने बोला कि यह जीवन का एक हिस्सा है कि आप निरंतर मेहनत करो। लोग आलोचना करते हैं तो करने दीजिए। युवा अभिनेता मन कुरैशी ने विद्यार्थियों को अपनी कला को निखारने के लिए मेहनत करने के लिए कहा। अपने लोकप्रिय कलाकारों को अपने बीच पाकर विद्यार्थी बहुत प्रसन्न थे।

विद्यार्थियों ने अपने चाहते कलाकारों से सवाल भी किया ,जिनका अतिथियों ने सहजता से उत्तर दिया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिनेश सुराणा उपस्थित थे। उन्होंने अतिथियों के संघर्षों को सराहते हुए मंजिल की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेने की बात की।

संस्कृत विभाग के प्राध्यापक जनेंद्र कुमार दीवान ने स्वागत भाषण दिया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर बलजीत कौर ने किया। कार्यक्रम का संचालन रजनीश उमरे ने किया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - छत्तीसगढ़ लोक कला एवं संस्कृति
(पीएम उषा योजनान्तर्गत)
आयोजक - हिंदी एवं संस्कृत विभाग
दिनाँक: 18.01.2024

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - छत्तीसगढ़ लोक कला एवं संस्कृति
आयोजक - हिंदी एवं संस्कृत विभाग

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - छत्तीसगढ़ लोक कला एवं संस्कृति
(पीएम उषा योजनान्तर्गत)
आयोजक - हिंदी एवं संस्कृत विभाग
दिनाँक: 18.01.2024
सुश्री मोना सेन

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - छत्तीसगढ़ लोक कला एवं संस्कृति
(पीएम उषा योजनान्तर्गत)
आयोजक - हिंदी एवं संस्कृत विभाग
दिनाँक: 18.01.2024
सुश्री मोना सेन

ACTIVITY-4

प्रतिवेदन

संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 27/01/2024 को भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम संस्कृत के छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में सरस्वती वंदना का गायन किया अतिथियों ने माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। तत्पश्चात् छात्र छात्राओं ने स्वागतगीत प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी ने इस अवसर पर संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा ही नहीं है अपितु वैज्ञानिक भाषा भी है । हमें इसे सीखना चाहिए। वक्ता के रूप में आचार्य धनंजय शास्त्री, स्वामी विरजानंद संस्कृतकुलम, नई दिल्ली ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारतीय ऋषि महर्षि प्राचीन काल से ही ज्ञान के प्रति बड़े सजग रहे हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छूटा जिस पर भारतीय मनीषियों ने चिंतन न किया हो। द्वितीय वक्ता :- डॉ बहुरन सिंह पटेल (सहायक प्राध्यापक)विभाग अध्यक्ष,व्याकरण शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रायपुर ने कहा कि भारत वर्ष उन्नति के सोपान को प्राप्त तभी प्राप्त करेगा जब भारतीय जीवन मूल्यों के साथ आगे बढ़े।

आज का विज्ञान केवल आज का सोचता है जबकि भारतीयचिंतन परंपरा स्थाई विकास को महत्व देता है। जिससे प्रकृति पर्यावरण सुरक्षित रहे।

कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग अध्यक्ष प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने किया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - भारतीय ज्ञान परंपरा
(पीएम उषा योजनान्तर्गत) दिनाँक: 27.01.2024
आयोजक - संस्कृत विभाग
वक्तागण
आचार्य धनंजय शास्त्री जातवेदा:
स्वामी विरजानंद संस्कृतकुलम, नई दिल्ली
डॉ. बहुरन सिंह पटेल
सहायक प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष व्याकरण
शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर
GPS Map Camera
मालवीय नगर, छत्तीसगढ़, भारत
57WW+GVH, दीपक नगर, मालवीय नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001, भारत
Lat 21.196419°
Long 81.296796°
27/01/24 12:36 PM GMT +05:30
Google

शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात. स्वशासी महा. दुर्ग
व्याख्यान - भारतीय ज्ञान परंपरा
(पीएम उषा योजनान्तर्गत)
दिनाँक: 27.01.2024
आयोजक - संस्कृत विभाग
वक्तागण
आचार्य धनंजय शास्त्री जातवेदा:
स्वामी विरजानंद संस्कृतकुलम, नई दिल्ली
डॉ. बहुरन सिंह पटेल
सहायक प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष व्याकरण
शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर

ACTIVITY-5

प्रतिवेदन

संस्कृत के विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद संस्कृत महाविद्यालय कोसरंगी महासमुंद में किया ज्ञान का आदान-प्रदान

साइंस कॉलेज दुर्ग के संस्कृत के विद्यार्थियों ने महासमुंद जिले में स्थित महर्षि दयानंद संस्कृत महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा ज्ञान का आदान-प्रदान किया।

विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .एम ए सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस विस्तार गतिविधि कार्यक्रम में टीम मैनेजर के रूप में संस्कृत विभाग अध्यक्ष प्रो.जनेंद्र कुमार दीवान एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.मोती राम साहू तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ.राखी भारती के सहयोग से यह शैक्षणिक गतिविधि की बहुत अच्छी यात्रा रही । संस्कृत के छात्रों ने महर्षि दयानंद संस्कृत महाविद्यालय कोसरंगी महासमुंद में मंत्र पाठ, श्लोक पाठ एवं सूत्र पाठ जैसी संस्कृत की विधाओं का ज्ञान प्राप्त किया।

संस्था के वार्षिक समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें पोखराज , क्षमा देवांगन की टीम के कर्मा नृत्य एवं सत एक मिरचन की टीम के पंथी नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर टीम मैनेजर एनएसएस अधिकारी प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान, रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी प्रो. मोतीराम साहू तथा डॉ राखी भारती का साल श्री फल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए समय प्रबंधन को जरूरी बताया।

प्रो मोतीराम साहू ने कहा कि पहले आप अपना सही लक्ष्य निर्धारित कीजिए फिर आप योजना बद्ध तरीके से जीवन में आगे बढ़ते जाएंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य आचार्य मुकेश कुमार शास्त्री ने उनका संस्कृत साहित्य के विषय में मार्गदर्शन किया डॉ.अजय कुमार आर्य ने अपने उद्बोधन से प्रभावित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को अपने प्रेरणादाई वचनों से प्रेरित किया। संस्कृत एवं एनएसएस के छात्रों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया तथा संस्था के विद्यार्थियों ने लघु संस्कृत नाटक से सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक गण उपस्थित थे जिसमें आचार्य सुरेश कुमार शास्त्री ,आचार्य मनुदेव कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संस्कृत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने सेवा का कार्य भी किया जिसमें उन्होंने संस्था के वृद्ध आश्रम में रहकर संस्था की सफाई की तथा उनसे बहुत कुछ सीखा।

सभी ने स्वच्छता कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया तथा वहां आए हुए अतिथियों के लिए व्यवस्था में भी सहयोग किया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने खल्लारी माता मंदिर का परिचय पाया,जिसका महाभारत कालीन भीमपांव तथा नौका विराजमान है । वहां पर दर्शन किया तत्पश्चात चंडी मंदिर का दर्शन किया जिसमें विद्यार्थियों ने वहां के क्षेत्रीय सांस्कृतिक इतिहास को समझा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत एक, रितिक ,पोखराज तथा सतीश चंद्राकर ने इस कार्यक्रम में अपने दल का नेतृत्व किया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

महर्षि दयानन्द संस्कृत कॉलेज

जयन्ती समारोह

ACTIVITY-6

प्रतिवेदन

संस्कृत विभाग द्वारा 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन

साइंस कॉलेज दुर्ग के संस्कृत विभाग द्वारा 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को संस्कृत में संभाषण करने की जानकारी दी गई । महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संस्कृत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत के प्रारंभिक चरण में अपना परिचय संस्कृत में देना सामान्य व्याकरण तथा सरल वाक्य का प्रशिक्षण दिया गया ,जिससे विद्यार्थी बहुत आसानी से संस्कृत में बातचीत करना आरंभ कर सकते हैं इस कार्यक्रम में संस्कृत के प्रशिक्षक श्री रंजीत शास्त्री जी ने सरलता से प्रशिक्षण आर्थियों को संस्कृत में संभाषण करना सिखाए ।कार्यक्रम में विविध प्रकार के आयोजन भी किए गए।

जिसमें विद्यार्थियों ने श्लोक पाठ तथा गीतों का गायन किया।

इस 10 दिवसीय कार्यक्रम में बीच-बीच में संस्कृत के जाने-माने विद्वानों का आगमन हुआ जिसमें डॉ बहुरन सिंह पटेल संस्कृत महाविद्यालय रायपुर ने विद्यार्थियों को संस्कृत के बारे में जानकारी दी ।डॉक्टर महेश कुमार अलेंद्र वैशाली नगर कॉलेज भिलाई ने अपने उद्बोधन में संस्कृत का महत्व बताया ।

समापन में डॉ महेश चंद्र शर्मा ने अपनी उपस्थिति देखकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया । कार्यक्रम के संयोजक विभाग अध्यक्ष संस्कृत जनेंद्र कुमार दीवान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए प्रशिक्षक रंजीत शास्त्री का आभार व्यक्त किया।

प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान

संस्कृत विभाग

(विभागाध्यक्ष)

संस्कृत संभाषण शिविर में सभी वर्ग के लोग सीख रहे संस्कृत में बोलना

साइंस कॉलेज में सोमवार को शिविर का उद्घाटन, संस्कृत का महत्व बताया

एजुकेशन रिपोर्टर| भिलाई

साइंस कॉलेज में 22 मई से संस्कृत संभाषण शिविर लगाया गया है। 31 मई तक चलने वाले शिविर में सभी वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्हें संस्कृत का महत्व के साथ संस्कृत में बोलने और लिखने की कला सिखाई जा रही है। शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिनेष सुराना ने कहा कि संस्कृत सबसे प्राचीन तथा वैज्ञानिक भाषा है। हम सबको गर्व होना चाहिए कि विश्व की सबसे प्राचीन पुस्तक ऋग्वेद है। हमें अपनी इस विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संस्कृत का अध्ययन करना होगा। उसमें उपलब्ध ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

विषय विशेषज्ञ संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बहुरन सिंह पटेल ने कहा कि संस्कृत न केवल योग एवं आयुर्वेद की भाषा है, अपितु संस्कृत में रसायन शास्त्र, खगोल विद्या, भूगोल विद्या, नक्षत्र विद्या, भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र तथा ऐसी अनेक विद्याएं शामिल हैं। हमें उन विद्याओं को आधुनिक शिक्षा के साथ उपलब्ध कराना है। आज बीएएमएस के विद्यार्थी चरक संहिता, सुश्रुत संहिता के कुछ अंश पढ़ते हैं, परंतु लोगों को यह नहीं पता यह संस्कृत साहित्य के ही महत्वपूर्ण अंश हैं। वैशाली नगर के प्रो. महेश कुमार अलेंद्र ने विद्यार्थियों को संस्कृत का महत्व बताया। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक आचार्य रणजीत शास्त्री ने संस्कृत के विशाल एवं समृद्ध साहित्य परंपरा का उल्लेख किया। उसकी वैयाकरणिक वैज्ञानिकता की जानकारी दी। इससे पहले महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इसमें ईश्वरी देवांगन, संध्या बघेल, खिलुदास, मोरध्वज, सतेक, प्रतिमा, रूपाली पटेल आदि का सहयोग है।

प्रभारी प्राचार्य ने संस्कृत शिविर का उद्घाटन किया, उपस्थित अतिथि।

प्रति,

प्राचार्य,
शास.वि.या.ता.स्नातकोत्तर स्वशासी महावि.
जिला– दुर्ग (छ.ग.)

विषयः – प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान आयोजन हेतु अनुमति।

––0––

महोदय,

निवेदन है कि दिनांक 31 जुलाई 2023, सोमवार को प्रेमचंद जयंती है इस अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया जाना है, इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. थानसिंह वर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक को आमंत्रित किया जाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आपके द्वारा किया जायेगा।

इस कार्यक्रम हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करेगें।

25.7.2023

डॉ. अभिनेष सुराना
(विभागाध्यक्ष हिन्दी)
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

दिनांक 25.07.2023

अनुमति प्रदत्त
25-7-23

प्राचार्य
शास. व्ही. वाय. टी. पी. जी. स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दुर्ग, दिनांक 25/07/2023

हिन्दी विभाग

सूचना

प्रेमचंद जयंती समारोह 2023

विषय : प्रेमचंद : सर्जक एवं विचारक

वक्ता : प्रो. थानसिंह वर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक

अध्यक्षता : डॉ. आर.एन. सिंह, प्राचार्य

स्थान : विवेकानंद सभागार

दिनांक : 31 जुलाई 2023

समय : प्रातः 11.30 बजे

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थीगण, शोधार्थीगण, प्राध्यापकगण की उपस्थिति अपेक्षित है।

25.7.2023
डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष – हिन्दी
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महाविद्यालय

प्राचार्य
शास.दुर्ग. स्ना. टी. पी. जी. स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दुर्ग, दिनांक 25 / 07 / 2023

हिन्दी विभाग

सूचना

प्रेमचंद जयंती समारोह 2023

विषय : प्रेमचंद : सर्जक एवं विचारक

वक्ता : प्रो. थानसिंह वर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक

अध्यक्षता : डॉ. आर.एन. सिंह, प्राचार्य

स्थान : विवेकानंद सभागार

दिनांक : 31 जुलाई 2023

समय : प्रातः 11.30 बजे

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थीगण, शोधार्थीगण, प्राध्यापकगण की उपस्थिति अपेक्षित है।

25.7.2023

डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष – हिन्दी
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. वी. वाय. टी. पी. जी. स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

हिंदी विभाग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग छ.ग.

प्रतिवेदन 31-07-2023

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर **'प्रेमचंद सर्जक एवं विचारक'** शीर्षक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सेवा-निवृत्त प्राध्यापक **श्री थान सिंह वर्मा** थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने कहा कि प्रेमचंद के लेखन में यथार्थ और आदर्श का समन्वय है। उनका कथा-साहित्य यथार्थ की जमीन पर लिखा गया आदर्शवादी साहित्य है। उनके उपन्यासों में मर्यादा, आदर्श, करुणा, कर्तव्य, समाज-सुधार, प्रेम, देश-भक्ति, सत्याग्रह, अहिंसा, स्त्री-समस्या, मध्यवर्गीय व्यक्ति की त्रासदी, कृषक जीवन की समस्याएं, मेहनतकश आमजन का संघर्ष आदि विषयों का संवेदनशील प्रभावोत्पादक चित्रण हुआ है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक है। प्रेमचंद के साहित्य में भारतीय समाज का यथार्थ का चित्रण है। प्रेमचंद के कथा-साहित्य में उनके युग परिवेश का वास्तविक चित्रण है। भविष्य जब प्रेमचंद युग की ओर देखेगा तब प्रेमचंद का कथा साहित्य उन्हें इस युग की वास्तविकता से परिचित करायेगा।

मुख्य वक्ता प्रो. थानसिंह वर्मा का परिचय देते हुए आलोचक जयप्रकाश ने कहा कि प्राध्यापक पद से सेवानिवृत्त वर्मा जी छात्र जीवन से ही साहित्य एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे वे मूलतः क्रांतिकारी स्वभाव के है। शासकीय सेवा में अध्यापक सीमाओं से बंधे रहे वर्मा जी अब स्वतंत्र हैं । वे शुरू से विभिन्न साहित्यिक संगठनों से जुड़े रहे अब उनके पास समाज और साहित्य के लिए पर्याप्त समय है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता **श्री थान सिंह वर्मा** ने कहा कि प्रेमचंद, कथाकार के साथ एक विचारक भी थे। उनकी कहानियों तथा उपन्यासों में अपने समय के समाज को बदलने की वैचारिक चेतना मौजूद है। गबन उपन्यास में वे देवीदीन खटिक के माध्यम से सवाल खड़ा करते हैं कि" जब तुम सुराज का नाम लेते हो तुम्हारी आँखों के सामने स्वाराज का कौन सा चित्र उभरता है ? "प्रेमचंद के लिए स्वराज का मतलब केवल अंग्रेजी राज से मुक्ति नहीं है बल्कि उनके के लिए स्वराज का मतलब राजनीतिक आजादी के साथ आर्थिक, सामाजिक आजादी से है जिसमें किसानों, मजदूरों, दलितों आदिवासियों, शोषित, वंचित सबके लिए जगह होगी। प्रेमचंद ने भारतीय समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम किया, उनमें मानवीय संवेदना जगाया। प्रेमचंद ने दलित, शोषित किसानों, मजदूरों की वकालत करते हुए कहा कि उन्हे भी इंसान समझकर समाज में सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिया जाए । यदि ऐसा नहीं होता है तो वे अपना अधिकार संघर्ष कर हासिल करें। इसके लिए उन्हें शिक्षित और संगठित होने की बात कही । जिन बातों को वे अपने कथा साहित्य में नहीं कह पा रहे थे उसके लिए उन्होने पत्रकारिता का सहारा लिया। हंस, जागरण, जमाना जैसी पत्र-पत्रिकाओं में लेख तथा निबंध लिखकर प्रेमचंद ने समकालीन समाजिक व्यवस्था पर सार्थक हस्तक्षेप किया। साम्प्रदायिकता, पूँजीवाद, सामंती शोषण, धार्मिक कर्मकांड, अंधविश्वास, स्वाधीनता आन्दोलन, सामुदायिक एकता, राष्ट्रीयता, तथा राष्ट्रवाद, स्वराज का स्वरुप, किसानों के सवालों को अपने लेखों, निबंधो के माध्यम से उठाया तथा भारतीय समाज को वैचारिक दिशा प्रदान की। प्रेमचंद जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम तत्कालीन समाज की सुसप्त चेतना को झकझोर कर जगाया, उनमें संवेदना पैदा की। इसीलिए प्रेमचंद का साहित्य समूचे भारतीय का अमूल्य विरासत है।

उक्त संपन्न कार्यक्रम में डॉ रजनीश उमरे, डॉ सरिता मिश्र, डॉ ओमकुमारी देवांगन, प्रियंका यादव, बेलमती, लक्ष्मीन चौहान, निर्मला पटेल, तरुण साहू, युगेश देशमुख, जितेंद्र कुमार साहू, संग्राम सिंह निराला के साथ बड़ी संख्या में हिन्दी साहित्य के शोधार्थी व महाविद्ध्यालय के विद्ध्यार्थी शामिल थे

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा चटर्जी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बलजीत कौर ने किया ।

रायपुर • बुधवार • 02.08.2023
navabharat.news

न्यूज डायरी

प्रेमचंद जयंती पर साइंस कॉलेज में व्याख्यान

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर प्रेमचंद सर्जक एवं विचारक शीर्षक पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक थान सिंह वर्मा थे। स्वागत भाषण में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने कहा कि प्रेमचंद के लेखन में यथार्थ और आदर्श का समन्वय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक है। प्रेमचंद के कथा साहित्य में उनके युग परिवेश का वास्तविक चित्रण है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थान सिंह वर्मा ने कहा कि प्रेमचंद कथाकार के साथ एक विचारक भी थे। उनकी कहानियों तथा उपन्यासों में अपने समय के समाज को बदलने की वैचारिक चेतना मौजूद है। कार्यक्रम में डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. सरिता मिश्र, डॉ. ओमकुमारी देवांगन, प्रियंका यादव, बेलमती, लक्ष्मीन चौहान, निर्मला पटेल, तरुण साहू, युगेश देशमुख, जितेंद्र कुमार साहू, संग्राम सिंह निराला के साथ बड़ी संख्या में हिन्दी साहित्य के शोधार्थी व महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा चटर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बलजीत कौर ने किया।

प्रेमचंद की रचनाएं भारत की अमूल्य विरासत : वर्मा

दुर्ग, 1 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर प्रेमचंद सर्जक एवं विचारक शीर्षक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्राध्यापक थान सिंह वर्मा थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने कहा कि प्रेमचंद के लेखन में यथार्थ और आदर्श का समन्वय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आर. एन. सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। प्रेमचंद के साहित्य में भारतीय समाज का यथार्थ का चित्रण है। प्रेमचंद के कथा साहित्य में उनके युग परिवेश का वास्तविक चित्रण है। भविष्य जब प्रेमचंद युग की ओर देखेगा तब प्रेमचंद का कथा साहित्य उन्हें इस युग की वास्तविकता से परिचित करायेगा।

मुख्य वक्ता प्रो. थानसिंह वर्मा का परिचय आलोचक जयप्रकाश ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थान सिंह वर्मा ने कहा कि प्रेमचंद कथाकार के साथ एक विचारक भी थे। उनकी कहानियां तथा उपन्यासों

> > शेष पृष्ठ 9 पर >


GPS Map Camera
Malviya Nagar, Chhattisgarh, India
57WW+GVH, Deepak Nagar, Malviya Nagar, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196403°
Long 81.296815°
31/07/23 01:35 PM GMT +05:30
Google

हिन्दी विभाग, शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग

दिनांक : 16. अगस्त, 2023

प्रति,

प्राचार्य,

शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग

विषय : हरिशंकर परसाई जयंती के आयोजन हेतु अनुमति के सम्बन्ध में.

महोदय,

हिन्दी विभाग के अकादमिक कैलेंडर के अनुसार आगामी 22 अगस्त, 2023 को हरिशंकर परसाई की जयंती का आयोजन किया जाना है. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में [प्रख्यात व्यंग्यकार श्री विनोद साव को आमंत्रित किये जाने का प्रस्ताव है. निवेदन है कि कृपया इस आयोजन हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें.

इस आयोजन हेतु 2000 (दो हजार रुपये) की राशि व्यय होने की संभावना है. कृपया उक्त राशि स्वीकृत करने का कष्ट करें.

साभार !

16/8/2023

डॉ. अभिनेष सुराना

विभागाध्यक्ष, हिन्दी

डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

हिन्दी विभाग, शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग

दिनांक : 16. अगस्त, 2023

प्रति,

प्राचार्य,

शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग

विषय : हरिशंकर परसाई जयंती के आयोजन हेतु अनुमति के सम्बन्ध में.

महोदय,

हिन्दी विभाग के अकादमिक कैलेंडर के अनुसार आगामी 22 अगस्त, 2023 को हरिशंकर परसाई की जयंती का आयोजन किया जाना है. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात व्यंग्यकार श्री विनोद साव को आमंत्रित किये जाने का प्रस्ताव है. निवेदन है कि कृपया इस आयोजन हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें.

इस आयोजन हेतु 2000 (दो हजार रुपये) की राशि व्यय होने की संभावना है. कृपया उक्त राशि स्वीकृत करने का कष्ट करें.

साभार !

16/8/2023

डॉ. अभिनेष सुराना

विभागाध्यक्ष, हिन्दी

डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt V Y T P G Autonomous
College Durg (C.G.)

हिन्दी विभाग, शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग

दिनांक : 16. अगस्त, 2023

हिन्दी विभाग का आयोजन
हरिशंकर परसाई शताब्दी समारोह
व्याख्यान : श्री विनोद साव, प्रख्यात व्यंग्यकार
विषय :- 'हिन्दी- व्यंग्य और हरिशंकर परसाई'
अध्यक्षता : डॉ. आर. एन. सिंह, प्राचार्य

सूचना

हिन्दी बिभाग के तत्वावधान में दिनांक 22 अगस्त, 2023 को हरिशंकर परसाई शताब्दी समारोह के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थी, शोधछात्र एवं अध्यापक आमंत्रित हैं.

स्थान : विवेकानंद सभागार
समय : पूर्वाह्न 11.00 बजे

16.8.2023
डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष, हिन्दी
डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

डॉ. आर. एन. सिंह
प्राचार्य
Principal
Govt.V.Y.T.P.G Autonomous
College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}

नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज

फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,

Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 22.08.2023

प्रतिवेदन

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दी के अवसर पर "हरिशंकर परसाई के व्यंग्य साहित्य" पर केंद्रित व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अतिथियों का स्वागत किया गया तथा विनोद साव के नव प्रकाशित संग्रह 'विनोद साव की चयनित व्यंग्य रचनाएँ' का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया।

अपने स्वागत उद्‌बोधन में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने परसाई के रचना संसार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परसाई जी हिंदी के पहले रचनाकार थे जिन्होंने व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाया। उनकी रचनाएँ सामाजिक पाखंड और रूढ़िवाद की खिल्ली उड़ाते हुए विवेक और विज्ञान सम्मत दृष्टि को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करती है।

डॉ. जय प्रकाश ने अपने वक्तव्य में बताया कि सबसे अधिक पढ़े जाने वाले लेखकों में प्रेमचंद एवं परसाई की गणना की जाती है। उनके लेखों में उनके प्रतिकार का रूप स्पष्ट दिखलाई देता है। उनकी रचनाएँ नश्तर की भाँति चुभने वाली हैं। अपनी रचना के माध्यम से परसाई जी जनता से सीधे संवाद करते थे।

हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका बलजीत कौर ने मुख्य वक्ता विनोद साब का परिचय दिया । अपने वक्तत्व में अतिथि वक्ता विनोद साव ने हिंदी व्यंग्य एवं हरिशंकर परसाई पर अपने विचार रखते हुए कहा कि परसाई के लेखन में जीवन अनुभव के अनेक सूत्र भरे हैं, इसलिए वे सामान्य पाठकों को भी आकर्षित करते हैं। हिंदी भाषियों के लिए गर्व की बात है कि दुनिया की किसी भी भाषा में परसाई जैसा समर्थ व्यंग्यकार नहीं हुआ। वे छोटी रचनाएँ लिखकर बड़े रचनाकार हुए। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एन. सिंह ने परसाई जी से जुड़े अपने जीवन संस्मरणों की चर्चा कहते हुए जानकारी दी कि सागर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान परसाई जी के साथ टहलते–घूमते उनके विचारों एवं साहित्य से परिचय प्राप्त करने का अवसर मिला। वे प्रतिकार के रचनाकार थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र अजय साहू को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान हेतु आमंत्रित किया गया था। अजय साहू का परिचय देते हुए उनके मित्र एवं महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. रजनीश उमरे ने जानकारी दी कि श्री साहू का चयन रूस की राजधानी मास्को में तीन वर्षों के लिए हिंदी अध्यापक के रूप में केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली द्वारा किया गया है। यह महाविद्यालय के साथ–साथ दुर्ग शहर और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भी परसाई जी पर अपना मंतव्य रखा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राध्यापक ओमकुमारी देवांगन, सरिता मिश्रा, प्रियंका यादव, शारदा सिंह, लता गोस्वामी के साथ बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा चटर्जी ने एवं आभार प्रदर्शन अन्नपूर्णा महतो ने किया।

प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}

नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज

फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,

Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 22.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्वशासी विद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दी के अवसर पर "हरिशंकर परसाई के व्यंग्य साहित्य" पर केंद्रित व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अतिथियों का स्वागत किया गया तथा विनोद साव के नव प्रकाशित संग्रह ष्विनोद साव की चयनित व्यंग्य रचनाएँष् का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया।

अपने स्वागत उद्बोधन में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना में परसाई के रचना संसार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परसाई जी हिंदी के पहले रचनाकार थे जिन्होंने व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाया। उनकी रचनाएँ सामाजिक पाखंड और रूढ़िवाद की खिल्ली उड़ाते हुए विवेक और विज्ञान सम्मत दृष्टि को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करती है।

डॉ. जय प्रकाश ने अपने वक्तव्य में बताया कि सबसे अधिक पढ़े जाने वाले लेखकों में प्रेमचंद एवं परसाई की गणना की जाती है। उनके लेखो में उनके प्रतिकार का रूप स्पष्ट दिखलाई देता है। उनकी रचनाएँ नश्तर की भाँति चुभने वाली हैं। अपनी रचना के माध्यम से परसाई जी जनता से सीधे संवाद करते थे।

हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका बलजीत कौर ने मुख्य वक्ता विनोद साब का परिचय दिया । अपने वक्तत्व में अतिथि वक्ता विमोद साव ने हिंदी व्यंग्य एवं हरिशंकर परसाई पर अपने विचार रखते हुए कहा कि परसाई के लेखन में जीवन अनुभव के अनेक सूत्र भरे हैं, इसलिए वे सामान्य पाठको को भी आकर्षित करते हैं। हिंदी भाषियों के लिए गर्व की बात है कि दुनिया की किसी भी भाषा में परसाई जैसा समर्थ व्यांधकार नहीं हुआ। वे छोटी रचनाएँ लिखकर बड़े रचनाकार हुए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एन. सिंह ने परसाई जी से जुड़े अपने जीवन संस्मरणों की चर्चा कहते हुए जानकारी दी कि सागर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान परसाई जी के साथ टहलते–घूमते उनके विचारों एवं साहित्य से परिचय प्राप्त करने का अवसर मिला। वे प्रतिकार के रचनाकार थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय भूतपूर्व छात्र अजय साहू को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान हेतु आमंत्रित किया गया था। अजय साहू का परिचय देते हुए उनके मित्र एवं महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. रजनीरा उमरे ने जानकारी दी कि श्री साहू का चयन रूम की राजधानी मास्को में तीन वर्षों के लिए हिंदी अध्यापक के रूप में केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली द्वारा किया गया है। यह महाविद्यालय के साथ–साथ दुर्ग शहर और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भी परसाई जी पर अपना मंतव्य रखा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राध्यापक ओमकुमारी देवांगन, सरिता मिश्रा, प्रियंका यादव, शारदा सिंह, लता गोस्वामी के साथ बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा चटजी ने एवं आभार प्रदर्शन अन्नपूर्णा महतो ने किया।

प्रति,

संपादक/ब्यूरो चीफ

दैनिक .....दुर्ग

इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे जनहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्राचार्य

हिन्दी - विभाग
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग, छत्तीसगढ़

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग, छत्तीसगढ़।

विषय :- दिनांक 08-09-23 को **हिन्दी-विभाग** द्वारा व्याख्यान हेतु अनुमति बाबत

मान्यवर,

निवेदन है कि हिन्दी विभाग द्वारा **08-09-23** को व्याख्यान प्रस्तावित है । यह कार्यक्रम विवेकानंद सभागृह में होना है । इस कार्यक्रम में **अतिथिवक्ता** के रूप में साहित्यकार **ईश्वरसिंह 'दोस्त' (अध्यक्ष, साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़)** को आमंत्रित किया जाना है । व्याख्यान का विषय **साहित्य का लोकतंत्र** होगा । व्याख्यान हेतु देय राशि **स्वीकृत करने की कृपा करें ।**

कृपया अनुमति प्रदान करें ।

A/c Permitted

06.8.2023

विभागाध्यक्ष

डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

हिन्दी - विभाग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय

दुर्ग, छत्तीसगढ़

06-09-2023

सूचना

